**NEWS CLIPPING: 16.08.2018**

**DAINIK JAGRAN**

## स्वतंत्रता सेनानियों से प्रेरणा लें : प्रो. दिनेश

**जासं, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में देश का 72वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कुलपति नेसुरक्षा कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी भी ली। ध्वजारोहण के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिकगीत-संगीत एवं नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए और राष्ट्रीय गान गाया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालतेहुए कहा कि युवाओं को महान स्वतंत्रता सेनानियों महात्मा गांधी, सरदार पटेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लाला लाजपत राय और डॉ अम्बेडकर जैसेमहापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेनी

वाईएमसीए परिसर में ध्वजारोहण करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार • जागरण

चाहिए। स्वतंत्रता दिवस पर देश की एकता और अखण्डता को कायम रखने का संकल्प लेने का आह्वान करते हुएउन्होंने कहा कि युवा वर्ग राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका सुनिश्चित करें।